# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अक्टूबर संस्करण 2017




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

## संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## आयुक्त के निर्देश पर जीवन बीमा निगम के कार्यालय को सील बंद की कार्यवाही

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम की टीम प्रियदर्शिनीय परिसर पूर्व में आयुक्त के निर्देश पर आवासीय भवन में संचालित जीवन बीमा निगम के कार्यालय को सील बंद की कार्यवाही करने पहुंची इसके पूर्व ही जीवन बीमा निगम द्वारा अपना कार्यालय स्थानांतरित कर दिया था। आयुक्त को प्राप्त शिकायत के आधार पर निगम द्वारा की गई कार्यवाही। प्रियदर्शिनीय परिसर पूर्व के ब्लाक 4 प्लाट 11 में मोहम्मद हाशिम खान के निर्मित भवन भूतल एवं प्रथम तल पर भारतीय जीवन बीमा का कार्यालय संचालित किया जा रहा था। आवासीय भवन का व्यवसायिक उपयोग किये जाने की शिकायत के आधार पर आयुक्त के0एल0 चौहान ने भवन का व्यवसायिक उपयोग को लीज डीड की कंडिका क्रमांक 6 एवं छ0ग0 नगर पालिक अधिनियम एवं नियम की धारा 301 व 303 का स्पष्ट उलंघन मानते हुए भू स्वामी एवं जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक को नोटिस जारी कर 10 दिवस के भीतर प्रियदर्शिनीय परिसर पूर्व के उक्त भवन में संचालित जीवन बीमा निगम की आफिस को तत्काल बंद कराकर उसकी लिखित सूचना निगम भिलाई को देने कहा था भवन अनुज्ञा के तपन अग्रवाल, जोन 01 के सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, रामायण सिंह, तोड़फोड़ दस्ता के यतीन्द्र नाथ देवांगन एवं उसकी पुरी टीम प्रातः निर्देशानुसार प्रियदर्शिनीय परिसर पूर्व के ब्लाक 4 प्लाट 11 में कार्यवाही करने पहुंची तो जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक ने उक्त कार्यालय को भवन से अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने की सूचना निगम में दिये जाने बाबत् पत्र दिखाया और भवन के गेट पर उक्त कार्यालय स्थानांतरण की सूचना भी चस्पा कर दिया गया था,






# अपराध मुक्त शहर बनाने के लिए प्रमुख जगहों पर लगेगा सी.सी.टी.व्ही. कैमरा

**भिलाईनगर/** दुर्ग जिले के प्रमुख चयनित 79 जगहों पर सी.सी.टी.व्ही. कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी, जो विश्व की प्रमुख सुरक्षित शहरों के अनुकुल होगा, इसी पर कार्यशाला का आयोजन डीपीएस जुनवानी वार्ड नं. 01 में 12 बजे से आयोजित की गई थी जिसमें दुर्ग के महापौर, अध्यक्ष, सभापति, पार्षद, एल्डरमेन, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, निगम प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान ने बताया कि दुर्ग जिले के सभी शहरी क्षेत्रों को सी.सी.टी.व्ही. कैमरे के निगरानी में रखा जायेगा जिससे कहीं पर भी कोई अपराध होने पर पुलिस आसानी से पहुंच सकती हैं। भिलाई 03 चरोदा के महापौर श्रीमती चन्द्रकला माण्डले ने 10 लाख रुपये, जामुल पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरोजनी चन्द्राकर 05 लाख रुपये के साथ नगर निगम भिलाई, के अध्यक्ष पी0 श्यामसुन्दर राव, दुर्ग राजकुमार नारायणी, भिलाई 03 चरोदा के विजय जैन एवं पार्षदगणों ने अपने-अपने पार्षद निधि की राशि 4-4 लाख रुपये देने के लिए कहा, साथ ही पार्षदों ने अपने वार्डो के प्रमुख स्थलों को भी शामिल करने को कहा। कार्यशाला के दौरान दुर्ग नगर निगम आयुक्त, ए0के0 सुन्दरानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक सतीश ठाकुर, भिलाई नगर पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र सतपति, छावनी नगर पुलिय अधीक्षक अजीत कुमार यादव, एवं दुर्ग नगर पुलिस अधीक्षक के साथ जामुल, कुम्हारी, के सी0एम0ओ0 एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।



## प्रधानमंत्री आवास योजना में नियमों में आई और अधिक शिथिलता

## मकान तोड़ते ही मिलेगी प्रथम किश्त की राशि

**भिलाईनगर/** प्रधानमंत्री आवासीय योजना में मकान बनाने के लिए चयनित हितग्राहियों द्वारा अपना पुराना कच्चा मकान तोड़ लिये जाने पर ही मकान बनाने की प्रथम किश्त की राशि प्रदान कर दी जायेगी। पूर्व में मकान बनाते समय फाउंडेशन हो जाने के बाद प्रथम किश्त की राशि प्रदान की जाती थी । शासन द्वारा नियमों में संसोधन किया गया हैअन्य शासकीय आवासीय योजना में पूर्व में लाभ न लिया गया हो। आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान सभी जोन आयुक्तों एवं नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अब त्यौहार बीत गया  है अपने-अपने जोनों में जाकर सर्वे/सत्यापन का कार्य त्वरित गति से करें। शेष 33 मकानों में भी शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, सभी जोन के जोनाध्यक्ष, आयुक्त के0एल0 चौहान ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भागीदार होकर इस योजना का लाभ उठायें। जिनके पास मकान नहीं हैं और भूखण्ड उपलब्ध हैं प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनवाने के लिए नगर पालिक निगम, भिलाई के समस्त जोन कार्यालयों एवं मदर टेरेसा नगर जोन पानी टंकी वाले कार्यालय में दस्तावेज जमा कर सकतें हैं। दस्तावेजों में सर्वे क्रमांक, समस्त परिवार का आधार कार्ड, आवेदक का वोटर आईडी, जन धन खाते के अतिरिक्त बचत खाते की पासबुक की फोटोकापी एवं स्वयं प्रमाणित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।



## तालाबों में छठ पर्व का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा

**भिलाईनगर/**नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने छठ पर्व पर तालाबों की साफ-सफाई , प्रकाश व्यवस्था एवं गोताखोरों की व्यवस्था करने हेतु निगम के सभी जोन आयुक्त को आदेश प्रसारित किया है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों द्वारा पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी तालाबों में छठ पर्व का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा, इस हेतु वार्ड में स्थित तालाबों की साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ जिन-जिन तालाबों में नागरिकों द्वारा छठ पर्व के दिन सायंकाल एवं प्रातःकाल अध्र्य देते हैं वहा पर सुरक्षा की दुष्टिकोण से गोताखोर एवं आवश्यक कर्मचारियों की व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। निगम आयुक्त ने जोन के आयुक्तों के साथ-साथ सीधे स्वच्छता कार्यों से जुड़े स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि पुजा किये जाने वाले तालाबों पर पुजा के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सीधी कार्यवाही की जावेगी, तथा की जा रही व्यवस्था के संबंध में सीधी जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं। निगम आयुक्त ने आज स्वयं विभिन्न तालाबों का भ्रमण कर की जा रही तैयारी से अवगत हुए तथा आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को दिये।



# तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के सम्बन्ध में

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने भवन अनुज्ञा शाखा से संबंधित न्यायालय प्रकरण को समय सीमा में प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण भवन अनुज्ञा विभाग में कार्यरत् कर्मचारी कुमारी मीना मानकर डाटा एन्ट्री आपरेटर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कुमारी मीना मानकर डाटा एन्ट्री आपरेटर भवन अनुज्ञा शाखा को माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट पिटीशन क्रमांक डब्ल्य.ु पी.सी. नम्बर 235/2015 आदेश दिनांक 04.08.2015 से संबंधित नस्ती को समय सीमा में प्रस्तुत नहीं किये जाने कारण निगम आयुक्त द्वारा कारण बताओं सूचना दिनांक 27.09.2017 को जारी किया गया था। उक्त कर्मचारी द्वारा दिनांक 28.09.2017 को कारण बताओं सूचना के संबंध में अपना जवाब प्रस्तुत किया गया । प्रस्तुत जवाब में कुमारी मीना मानकर द्वारा लेख्य किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण से संबंधित किसी भी प्रकार के आवेदन एवं नस्ती सीधे मुझे मार्क नहीं किया गया था जिसके कारण नस्ती विलंब से प्रस्तुत करने में मेरी कोई भूमिका नहीं है। न्यायालय प्रकरण के संबंधित नस्ती का आयुक्त महोदय द्वारा अवलोकन किया गया अवलोकन में पाया गया कि संबंधित नस्ती के नोटशीट पृष्ठ क्र. 38 पर कुमारी मानकर को दिनांक 07.09.2015 को मार्किंग है उसके पश्चात् नस्ती की रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी की थी और न्यायालयीन प्रकरण को समय सीमा में प्रस्तुत किया जाना था किन्तु प्रकरण समय सीमा में प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण अवमानना की स्थिति निर्मित हुई है और न्यायायलीन प्रकरण के बारे में जानकारी होने के बाद भी यह कहा जाना कि उनकी कोई भूमिका नहीं है यह जवाब अनुचित एवं गैर जिम्मेदारानापूर्ण जवाब हैं एवं कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही का द्योतक है।

निगम आयुक्त ने कार्य पर लापरवाही बरतने एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2 एवं 3 के विरूद्ध आचरण होने के कारण कुमारी मीना मानकर डाटा एन्ट्री आपरेटर भवन अुनज्ञा शाखा नगर निगम, भिलाई को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारी को मुख्यालय से जोन आयुक्त जोन 04 शिवाजी नगर जोन कार्यालय में पदस्थ किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## महापौर परिषद् की बैठक प्रभारी महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई

**भिलाईनगर/** निगम भिलाई सभापति के लिए नये वाहन क्रय किये जाने के प्रस्ताव को महापौर परिषद् ने विधिवत् विभागीय सलाहकार समिति के अनुशंसा का अभाव में पुनः अनुशंसा पश्चात् बैठक में विचारार्थ रखे जाने पर सहमति प्रदान की गई। महापौर परिषद् की बैठक प्रभारी महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रस्तुत एक मात्र प्रस्ताव के अनुसार नगर पालिक निगम, भिलाई के अध्यक्ष (सभापति) को आबंटित वाहन पुरानी हो जाने तथा उसपर संधारण व्यय अधिक होने तथा वाहन एक लाख किलोमीटर से अधिक चल जाने के कारण एक नग वाहन डीजीएस एवं डी दरों पर क्रय की अनुमति हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र क्रमांक 355, दिनांक 09.08.2017 प्रेषित किया गया है। छ0ग0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर से प्राप्त पत्र क्रमांक 6871/2965/2016/18, नया रायपुर दिनांक 08.09.2017 द्वारा अध्यक्ष (सभापति) हेतु एक नग नये वाहन निगम भिलाई की महापौर परिषद् से अनुमोदन एवं अन्य शर्तों के तहत् वाहन क्रय किये जाने की सहमति प्रदान की गई है। बैठक में प्रभारी महापौर नीरज पाल, आयुक्त के0एल0 चौहान, महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, दीवाकर भारती, केशव बंछोर, नरेश कोठारी, साकेत चन्द्राकर, दुर्गा प्रसाद साहू, जोहन सिन्हा, श्रीमती सुभद्रा सिंह, सुशीला देवांगन, निगम सचिव जीवन वर्मा, वाहन शाखा के प्रभारी कार्यपालन अभियंता एस.पी. साहू, उपस्थित थे।



## तालाबों पर जहा पुजा, अर्चना का कार्य किया जाना है तालाबों का प्रातः निरीक्षण

**भिलाईनगर/**नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांन्तर्गत छठ पुजा का का त्योहार बड़े धुम धाम से पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए निगम भिलाई द्वारा की गई आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए नगर निगम भिलाई के महापौर देवेन्द्र यादव ने बुधवार को निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित तालाबों पर जहा पुजा, अर्चना का कार्य किया जाना है ऐसे तालाबों का प्रातः से ही निरीक्षण किया गया। निगम महापौर देवेन्द्र यादव ने आज सुबह 9 बजे से ही निगम क्षेत्र के जोन क्र. 4 शिवाजी नगर क्षेत्रान्तर्गत आने वाले तालाब छावनी में स्थित दर्री एवं लक्ष्मण नगर तालाब जोन 02 वैशाली नगर में स्थित रामनगर मुक्तिधाम केम्प-01 के सामने वाले तालाब एवं जोन 01 नेहरु नगर के अंतर्गत शीतला तालाब एवं भेलवा तालाब का निरीक्षण किया। महापौर देवेन्द्र यादव ने शीतला तालाब में प्रकाश की व्यवस्था समुचित रुप से बना रहे उसके लिए आवश्यकता अनुसार हाई माक्र्स की लाईट लगाने के निर्देश दिये। महापौर के निर्देशानुसार जाल के माध्यम से मछुवारों द्वारा कचरा निकालने का कार्य जारी हैं। भ्रमण के दौरान महापौर देवेन्द्र यादव पार्षदगण जोहन सिन्हा, देवी, जोनआयुक्त आर0के0 पदमवार, सुभाष सिंह ठाकुर जनसम्पर्क अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक महेश पाण्डे, धर्मेन्द्र मिश्रा, महेश मिश्रा, मलखान सिंह सोरी, रामायण सिंह, विनोद शुक्ला उपस्थित थे।



# आयुक्त ने कहा की कार्य में विशेषज्ञ ठेकेदार को ही ठेका दिया जावे

भिलाईनगर/ कार्य में विशेषज्ञ ठेकेदार को ही ठेका दिया जावे जोन आयुक्त निविदा की शर्तो में यह कंडिका डाले । निगम के परिसम्मति की जानकारी पंजी में सूचीबद्घ करें । पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये जा रहे पाईप के गढ्ढे का पाईप डाल कर तत्काल बंद करें । वेंडर जोन के लिए जोन स्तर पर स्थल चयन करें। निगम के समस्त जोन आयुक्त एवं विभाग प्रमुखो के समीक्षा बैठक में कलेक्टर जनदर्शन, निगम जनदर्शन,समय सीमा के प्रकरण, निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य,राष्ट्रीय अजीविका मिशन,अतिक्रमण, पेयजल आपूर्ति,अमृत मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि यह देखा जा रहा है कि निगम के कार्यो का ठेका ऐसे एजेन्सी प्राप्त कर रहे है जिसके पास उस कार्य को करने का आवश्यक संसाधन अथवा विशेषज्ञ नही है। उन्होने जोन आयुक्तो से कहा कि निविदा शर्तो में इस बिन्दु का उल्लेख अनिर्वाय रूप से करे कि जो कार्य का ठेका दिया जा रहा है निविदा प्राप्तकर्ता के पास उस कार्य को करने हेतु आवश्यक संसाधन तथा कार्य के विशेषज्ञ हो। आयुक्त ने अमृत मिशन योजन के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्माण एजेन्सी से कहा कि पाईप लाईन बिछाने हेतु खोदे जा रहे गढढो को पाईप डाल कर तुरन्त बंद करें ताकि विशेष रूप से सडक किनारे तथा रिहायसी क्षेत्रो में इस बाद का घ्यान रखा जावे ताकि किसी भी प्रकार के दुर्घटना से बचा जा सकें। एजेन्सी के प्रतिनिधियों ने आयुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि 66 एम0एल0डी फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य दुत गति स ेचल रहा है जिसका मियाद नवम्बर 2018 तक है और कार्य निर्धारित समय में पुरा हो जाएगा।



## फेसबुक में मिली शिकायत पर मिनी स्टेडियम पहुँचे महापौर*

शोशल मीडिया में फेसबुक के जरिए अपनी समस्या साझा करने वाले खुर्सीपार निवासी सौरभ शर्मा के पोस्ट को संज्ञान में लेते हुवे महापौर देवेंद्र यादव ने जोन 4 खुर्सीपार के अधिकारियों को सूचना प्रेषित कर आज वार्ड 38 न्यू खुर्सीपार स्थित दीनदयाल मिनी स्टेडियम के निरीक्षण पर पहुँचे जहाँ उपस्थित युवाओं एवं अधिकारियों के साथ महापौर ने स्टेडियम का निरीक्षण किया जोकि पूरी तरह जीर्णशीर्ण अवस्था में देखा गया महापौर ने स्टेडियम फील्ड को समतल किए जाने प्रस्ताव तैयार करते हुवे स्टेडियम का लेवलिंग किए जाने निर्देश दिए साथ ही वर्षाकाल में पानी की सही निकासी की व्यवस्था में सुनिश्चित करने कहा स्टेडियम में चारों ओर उग आयी झाड़ियों की कटाई करने के भी निर्देश दिए एवं भविष्य में स्टेडियम को संरक्षित करने का भी विशेष ध्यान रखने कहा इस दौरान उपास्थित युवाओं ने उक्त स्टेडियम में कुछ माह पूर्व लगे आर्मी कैम्प के दौरान से बनी इस अवस्था को लेकर भी जानकारी महापौर के संज्ञान में लायी जिसपर भविष्य में ऐसे कैम्प के दौरान बड़े वाहन अंदर न लाए जाने एवं स्टेडियम की रख रखाव का विशेष ख्याल रखे जाने सूचना पूर्व में ही दे दिए जाने जोन आयुक्त को निर्देशित किया एवं आवश्यकता पड़ने पर स्वयं की ओर से भी अपील करने कहा उक्त निरीक्षण दौरे के दौरान जोन 04 आयुक्त संजय शर्मा, वी के सेमुवल, सब इंजीनियर कु श्वेता वार्ड पार्षद सत्येंद्र बंजारे एवं अन्य वार्डवासी, युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।





## शासकीय कर्मचारियों का विदाई समारोह

**भिलाईनगर/** नगर निगम में कार्यरत् श्रवण कुमार सिंह ठाकुर उच्च श्रेणी लिपिक, अंजोरी राम पटेल चैकीदार एवं बोधीराम सफाई कामगार को सेवानिवृत होने पर उनके अंतिम कार्य दिवस 31 अक्टुबर को निगम सभागार में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य सुभद्रा सिंह सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भावभिनी बिदाई दी। तात्कालीन साडा एवं वर्तमान निगम में कार्यरत् कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर उन्हे निगम की ओर से स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल प्रदान करते हुए फुल माला पहनाकर उनका स्वागत करते हुए उपस्थित अतिथियों ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की कार्यशैली एवं उनके कर्तव्य परायणता का सराहना किये। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी आर0के0 साहू, मुकेश अग्रवाल, सचिव जीवन वर्मा, अनुप ठाकुर, संजय शर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, शरद दुबे, अजय शुक्ला सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई